## खबर संक्षेप

### नाका झिरपा का औचक निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए तैनात एस.एस.टी. और एफ.एस.टी. दल द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इनके कार्यों का औचक निरीक्षण करने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री आज विधानसभा जुन्नारदेव के अंतर्गत पश्चिम वनमण्डल के वनोपज जांच नाका झिरपा पहुंचे और यहां तैनात स्थैतिक निगरानी दल (एस.एस.टी.) के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री खत्री ने समक्ष में निगरानी दल के अधिकारियों से वाहनों की सघन जांच करवाई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम जुन्नारदेव, एसडीओपी जुन्नारदेव, सीईओ जनपद तामिया, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी भी साथ में थे।

### तेज गर्मी से बचाव के लिए करें समुचित प्रबंध

**छिन्दवाड़ा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी मतदान केंद्रों में तेज गर्मी (लू) से बचाव के समुचित प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल और बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियों व बेंच की व्यवस्था भी करें। श्री राजन ने मतदान केंद्रों में मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए शेड लगाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि हर मतदान केंद्र में मेडिकल किट भी अवश्य रखें। इस मेडिकल किट में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर ग्रीष्मकाल में उपयोगी सभी जरूरी दवाइयां उपलब्ध करायें। सभी मतदान दलों के पास ओआरएस पैकेट और तेज गर्मी से बचाव के लिए 'क्या करें, क्या नहीं करें' का पर्चा भी होना चाहिए। साथ ही सेक्टर ऑफिसर की गाड़ी में सभी जरूरी दवाइयों के साथ-साथ समुचित संख्या में पैरा-मेडिकल स्टॉफ भी तैनात रहे।

### तामिया के ही जंगल में आग की घटना के बाद भी विभाग ने नहीं लिया सबक

# तामिया रेंज के अधिकांश नाके, मुख्यालय पर नहीं पहुंचते नाकेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया





गर्मी की शुरुआत होना एवं महुआ बीनने वाले ग्रामीणों के कारण महुआ के पेड़ के नीचे सफाई के उद्देश्य से गिरे हुए पत्तों में आग लगाई जाती है। इस कारण उनकी छोटी सी इस गलती से जंगल में आग लगने की घटनाएं होती है। और इससे अनमोल वन संपदा जो, प्रकृति द्वारा दिए गए पौधे इस आग में बढ़ने के पहले ही नष्ट हो जाते हैं। लेकिन तामिया रेंज की सभी बीट में नाकेदारों का मुख्यालय होने के बावजूद वह अपने मुख्यालयों पर नहीं रहते हैं क्योंकि विभाग के अधिकारियों का किसी को भय नहीं है और ग्रामीण महुआ के नीचे आग लगाने में कोई संकोच नहीं करते, जिसका खामियाजा वन संपदा की हानि के रूप में भुगतना पड़ता है। ऐसा इसलिए है कि रेंजर का अपने ही अधीनस्थ वन कर्मियों पर नियंत्रण नाम की चीज नहीं होना है। जिस कारण पिछले कुछ वर्षों से जंगल में आग लगने की घटनाएं हो रही है। जो वन विभाग के रिकॉर्ड में देखी जा सकती है। जबकि बन अमले को निर्देश है कि मैदान में ही रहें और ग्रामीणों से चर्चा करें जंगल में भ्रमण भी करें और लोगों को महुआ बीनने के लिए आग ना लगाने के लिए जागृत भी करें। लेकिन जब नाकेदारों को ही मालूम है कि हमारे रेंजर खुद कहीं नहीं जाते हैं तो हम क्यों जाएं। अभी हाल ही में रेंजर के बंगले के पीछे की पहाड़ी एवं अधिकारियों के ऐशगाह रूपी, विश्रामगृह के पास जंगलों में आग लगने की घटना घट चुकीं है। जिसमें अनगिनत सरई के पौधे जल चुके हैं। लेकिन रेंजर ने हाल ही मैं इन दो आग लगने की घटनाओं से सबक नहीं लिया और अपने मैदानी अमले को कम से कम महुआ फूल गिरते सीजन तक जंगलों में रहने का निर्देश भी देने में संकोच करते हैं। बतलाया तो यह जाता है कि रेंजर के फर्जी विलो पर हस्ताक्षर करने वाले वन कर्मी जानते हैं कि रेंजर हमारा कुछ नहीं कर सकते? बस इसी बलबूते वो जंगल की और तैनाती होने के बाद भी रुख नहीं करते और तामिया या अन्य जगह से अपनी जिम्मेदारी निभाकर जंगल को भगवान भरोसे छोड़ बैठे हैं। सबसे संवेदनशील कुआं बादला सर्कल की बीट भाड़ी जो रेत चौरो एवं सागौन की अवैध कटाई के लिए प्रसिद्ध है। बावजूद यहां के डिप्टी रेजर नाकेदार को जंगल की गस्ती के निर्देश देने में भी हिचकते हैं क्योंकि बतलाया जाता है कि रेंजर के फर्जी वाड़ा में उनकी सहभागिता रही है। इसके कारण रेंजर को अपने ही नाकेदार डिप्टी रेंजर के सामने मजबूरन मौन साधना पड़ता है।

हालांकि स्थिति जो भी हो। हाल ही में हुई जंगल में आग लगने की ईन घटना से सबक लेकर उसे रोकने के लिए कम से कम अपने कर्मचारियों को आदेशित नहीं कर सकते हैं तो निवेदन करके ही उन्हें मैदान में आग लगने की घटना रोकने के लिए प्रयास करने होंगे। जिससे पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी आग लगने से अनमोल वन संपदा को हानि ना हो सके।

## रासेयो स्वयं सेवकों के बीच बुजुर्गों ने साझा की अपनी खट्टी मीठी यादें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



श्रम सेवा सहयोग की भावना से कार्य करने को संकल्पित ज्ञान ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजरी की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सात दिवसीय का आयोजन शिविर संचालक रासेयो कार्यक्रम अधिकारी विनोद तिवारी,एवम महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती नीता स्वामी के नेतृत्व में एवम रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के एन एस एस प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक डाक्टर शोभा राम मेहरा जी संता प्राचार्य व्ही के तिवारी जी , जिला संगठक रविंद्र नाफडे जी के कुशल मार्गदर्शन में पुरुष एवम महिला इकाई का दिनाक़ 20मार्च 2024 से लोहारढाना में लगाया गया था। जिसमे कृष्णा नगर,शिक्षक कॉलोनी, ढीमराढाना, खज़री , गाडरीढाना सहित आस पास के ग्रामों में झुग्गी बस्तीयो में मतदाता जागरूकता अभियान,स्वास्थ जागरूकता, स्वच्छता अभियान,जल संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता, नशामुक्ति अभियान सहित विषयो पर आधारित कार्यक्रम श्रमदान कार्य एवम बौद्धिक चर्चा से रासेयो स्वयं सेवकों में नेतृत्व क्षमता एवम व्यक्तित्व विकास के गुण जाग्रत किए गए।शिविर का समापन 27 मार्च 24 दिन बुधवार को वृद्ध आश्रम में श्रमदान शिविर एवम वृद्ध जनों के बीच खुशियां बाट कर उन्हे स्वादिष्ट व्यंजन खिलाकर मनाया गया। इस अवसर पर सभी रासेयो स्वयं सेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाकर वृद्ध आश्रम परिसर की साफ सफाई की । राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने अपने कार्यक्रम अधिकारी विनोद तिवारी के नेतृत्व में बुजुर्ग लोगो के बीच स्वादिष्ट व्यंजन परोसने समय सभी बुजुर्गो ने मन से सभी को आशीर्वाद दिया।

### कक्षा पहली एवं बाल वाटिका तीन में प्रवेश के लिये समय सारणी घोषित

**छिन्दवाड़ा।** केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा पहली एवं बाल वाटिका तीन (KG2) में प्रवेश के लिये समय सारणी घोषित कर दी गई है। कक्षा पहली में प्रवेश के इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों का निर्धारित समय सारणी के अनुसार ऑनलाइन एवं बाल वाटिका तीन (KG2) में प्रवेश के इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों का निर्धारित समय सारणी के अनुसार ऑफलाईन पंजीकरण करा सकते हैं । पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-एक छिंदवाड़ा के प्राचार्य श्री हरिप्रसाद धारकर ने बताया कि निर्धारित समय सारणी के अनुसार प्रवेश के लिये विज्ञापन की सूचना 31 मार्च 2024 तक केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा जारी की जायेगी और केवल चयनित केन्द्रीय विद्यालयों में बाल वाटिका एक, 2 व 3 के लिये एक अप्रैल 2024 को प्रातः 10 बजे से ऑफलाईन पंजीकरण का कार्य प्रारंभ होगा तथा आगामी 15 अप्रैल 2024 को शाम 5 बजे तक ऑफलाईन पंजीकरण का कार्य किया जायेगा, जबकि सभी केन्द्रीय विद्यालयों में कक्षा पहली के लिये एक अप्रैल 2024 को प्रातः 10 बजे से ऑनलाइन पंजीकरण का कार्य प्रारंभ होगा तथा आगामी 15 अप्रैल 2024 को शाम 5 बजे तक पंजीकरण का कार्य किया जायेगा । सभी पंजीकृत विद्यार्थियों की चयनित व प्रतीक्षित अनंतिम सूची की पहली प्रावधिक सूची 20 अप्रैल 2024 और सीट की उपलब्धता के आधार पर व्दितीय प्रावधिक सूची 29 अप्रैल 2024 व तृतीय प्रावधिक सूची 8 मई 2024 को प्रदर्शित की जायेगी।

## कलेक्टर-एसपी ने लिया मतदान केंद्रों का जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री द्वारा आज विधानसभा जुन्नारदेव के अंतर्गत विकासखंड तामिया के मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया और मतदान केंद्र में मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह और एसपी श्री खत्री जुन्नारदेव विधानसभा के अंतर्गत शेडो एरिया के मतदान केंद्र क्रमांक-35 प्राथमिक शाला भवन श्रीझौंत भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने यहां के कम्युनिकेशन प्लान की जानकारी प्राप्त की और मतदान दिवस पर कम्युनिकेशन के लिए समुचित एवं निर्बाध व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह और एसपी श्री खत्री ने श्रीझौंत के इस मतदान केंद्र की सजावट में किए गए नवाचार के लिए टीम की सराहना की । स्थानीय जनजातीय मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने के लिये जागरूक करने के उद्देश्य से इस मतदान केन्द्र को जनजातीय थीम पर सजाया गया है, जिसका प्रवेश द्वार मुख्य आकर्षण है। दीवारों पर जनजातीय कलाकृतियां बनवाई गई हैं और प्रवेश द्वार स्थानीय सामग्री से तैयार किया गया है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम जुन्नारदेव श्रीमती कामिनी ठाकुर सहित अन्य स्थानीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

## कक्षा एक से 8 तक के लिए नवीन शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से होगा प्रारंभ

**प्रवेशोत्सव व बाल सभा के आयोजन के साथ ही विद्यार्थियों का किया जायेगा तिलक लगाकर स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जिले में शैक्षणिक सत्र 2024-25 आगामी एक अप्रैल 2024 से प्रारंभ होगा । एक अप्रैल को प्रत्येक विद्यालय में प्रवेशोत्सव मनाया जाकर बाल सभा का आयोजन किया जायेगा और पालकों के साथ अध्ययन-अध्यापन की कार्ययोजना पर चर्चा की जायेगी। इसी दिन विशेष भोज के आयोजन के साथ ही प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का शिक्षक द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया जायेगा । जिला शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वयक श्री जे.के.इडपाचे ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा एक से 8 तक के सभी विद्यार्थियों का एक अप्रैल को आगामी कक्षा में नामांकन किया जायेगा। कक्षा एक से 4 व 6 से 7 की स्थानीय परीक्षा के परिणाम घोषित किये जायेंगे और कक्षा 5 व 8 के परिणाम राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा अप्रैल माह के तृतीय सप्ताह में घोषित किया जाना संभावित होने के दृष्टिगत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में अध्यनरत कक्षा 5 व 8 के विद्यार्थियों को आगामी कक्षा में प्रावधिक प्रवेश दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी विद्यार्थियों को एक अप्रैल से नवीन कक्षा में प्रावधिक प्रवेश देने के पश्चात अध्ययन-अध्यापन कराया जायेगा। सभी छात्र-छात्राओं को एक अप्रैल से ग्रीष्मावकाश के पूर्व तक कराई जाने वाली अध्ययन-अध्यापन की गतिविधियों के अंतर्गत कक्षा एक के लिये नव प्रवेशित बच्चों को स्कूल रेडिनेश कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय खेल स्टेच्यू, टापू, घोड़ा बादाम शाही, चिडिया फुर्र, खेल गीत पोशम पास, भाई पोशम पास, मिट्टी के खिलौने बनाना, आकृति बनाना, कागज की कटिंग व फोल्डिंग आदि गतिविधियों के आयोजन के साथ ही अतिरिक्त रोचक गतिविधियां भी विद्यालय में आयोजित की जायेंगी।

## मतदान केंद्र गुमगॉव की मड़ई में चलाया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी (स्वीप) श्री पार्थ जैसवाल, सहायक नोडल अधिकारी (स्वीप) एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र श्री जे.के.इडपाचे, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम चौरई श्री प्रभात मिश्रा और विकासखण्ड स्वीप नोडल अधिकारी जनपद शिक्षा केन्द्र चौरई श्री विजय पवार के मार्गदर्शन में चौरई विकासखण्ड के मतदान केंद्र क्रमांक 156 व 157 गुमगॉव दावाझिर में चैतगल की मड़ई में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया । इस ग्रामीण मेले में बड़ी संख्या में लोग स्थानीय लोकगीत फाग सुनने आये थे तथा सभी को लोकसभा निर्वाचन की तिथि 19 अप्रैल के बारे में जानकारी दी गई।

## अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर 4 ट्रैक्टर ट्रालियां जप्त

**चांद में खनिज विभाग ने की कार्यवाही , बेरियर पर एक लाख पुलिस ने किए जब्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में जिला खनिज अधिकारी श्री रविन्द्र परमार के मार्गदर्शन में खनिज निरीक्षक श्री बसंत कुमार पाटिल और नायब तहसीलदार चांद श्री इंद्रसेन तुमराली द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुये तहसील चांद के विभिन्न स्थानों पर आज खनिज रेत का अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाये जाने पर 4 ट्रैक्टर ट्रालियों को जप्त किया गया । जप्त ट्रैक्टर ट्रालियों को थाना चांद की अभिरक्षा में रखा गया है।

### एक वाहन से किये गये 1 लाख 6 हजार जप्त

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत गठित किये गये स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा बैरियर पर निगरानी रखी जाकर सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र चौरई के समसवाड़ा बैरियर में आज स्थैतिक निगरानी दल व चौकी प्रभारी कपुर्दा की उप निरीक्षक सुश्री सावित्री बघेल और थाना चौरई के प्रधान आरक्षक श्री संजय बघेल द्वारा विवेकानंद वार्ड सिवनी के निवासी 58 वर्षीय ज़हीर कुरैशी पिता मजिद कुरैशी के वाहन क्रमांक MP50LA1904 महिंद्रा से 01 लाख 6 हजार रूपये की राशि जप्त की गई ।

## दिव्यांग मतदाताओं के लिये मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री पार्थ जैसवाल के मार्गनिर्देशन में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र छिंदवाड़ा द्वारा दिव्यांग एकता कल्याण मंच और नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डे केयर सेंटर में दिव्यांग मतदाताओं के लिये मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिले के दिव्यांग मतदाताओं को आमंत्रित कर उन्हें लोकसभा निर्वाचन में विशेष योगदान देने और अधिक से अधिक मतदान के लिये प्रेरित करते हुये मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई । साथ ही उन्हें अपने आसपास पड़ोस में रहने वाले दिव्यांगजनों को भी प्रेरित करने के लिये प्रशिक्षित किया गया।

## जिला माली समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिला माली समाज विकास परिषद छिन्दवाड़ा के प्रचार मंत्री गणेश कराटे एवं दिलीप चरपे द्वारा बताया गया कि जिला माली समाज अध्यक्ष श्री भाउराव चरपे द्वारा बैठक के प्रस्ताव अनुसार आज दिनांक 29.03.2024 दिन शुक्रवार को दोपहर 3 बजे जिला माली समाज भवन बरारीपुरा में होली मिलन समारोह मनाया गया एवं उसके पश्चात समाज की कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें आगामी 11 अप्रैल 2024 को महात्मा फुले जी की जयंती वार्ड नंबर 40 लोनिया करबल महात्मा फुले भवन में जयंती मनाये जाने हेतु रूपरेखा बनायी गयी एवं साथ ही कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक कार्यक्रम में जागेश्वर घोरसे ,प्रभाकर दास जिनके द्वारा 5000 - 5000/- रूपये समाज को प्रदान कर संरक्षक सदस्यता ली गयी । उक्त कार्यक्रम में भाउराव चरपे अध्यक्ष ,हरिभाऊ बाडबुदे उपाध्यक्ष ,देवानंद निकाजू उपाध्यक्ष ,ज्ञानेश्वर कनेरे कोषाध्यक्ष एवं जानराव चरपे ,दिलीप चरपे प्रचार मंत्री ,विजय घोरसे कार्यकारिणी अध्यक्ष ,जागेश्वर राव घोरसे ,कैलाश दास ,गोविन्दराव आलोनकर ,दिलीप दास ,पांडुरंग घोरसे ,सुरेश घोरसे ,आशाराम घोरसे ,सुखदेव घोरसे ,दीपेश चरपे ,प्रभाकर दास,अशोक धांधोडे ,पंढरी बनाईत एवं समस्त सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### शाह ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता एवं विधायक पद से दिया इस्तीफा

# भाजपा के हुए अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



विधायक राजा कमलेश शाह ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता और विधायक पद से इस्तीफा देकर क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा करने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री शिवप्रकाश पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह ने सी एम हाउस में उन्हें पार्टी का दुपट्टा उढाकर भाजपा में स्वागत किया।

विधायक के साथ हर्रई की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष माधवी शाह, जिला पंचायत सदस्य केशर नेताम ने भी भाजपा ज्वाइन की। विधायक के साथ भोपाल पहुचे भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी नितिन तिवारी, जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी,भाजपा नेता उमेश शर्मा,मंडल अध्यक्ष सोनू सरस्वार ने मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा से चर्चा की। इस अवसर पर विधायक राजा कमलेश शाह ने कहा कांग्रेस में लगातार नकुलनाथ द्वारा आदिवासियों का अपमान किया जा रहा है। कांग्रेस में रहकर अमरवाड़ा क्षेत्र का विकास करना संभव नहीं रह गया है । छिंदवाड़ा के सांसद नकुल नाथ चुने हुए जनप्रतिनिधियों, आदिवासी समाज के नेताओं और कार्यकर्ताओं का अपमान करते हैं। डबल इंजन की सरकार के साथ क्षेत्र का विकास करने और आदिवासी समाज की समस्याओं के निराकरण के लिए वे भाजपा में शामिल हो रहे हैं। छिंदवाड़ा लोकसभा का विकास स्थानीय व्यक्ति को सांसद बनाए बगैर नहीं हो सकता इसलिए विवेक बंटी साहू को जिताकर संसद भेजना जरूरी है। नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव जी की डबल इंजन सरकार से क्षेत्र में उद्योग, रोजगार, सिंचाई के डेम, सड़कें बनाकर विकास कराएंगे I उन्होंने कहा मोदी की गारन्टी के साथ छिंदवाड़ा से भाजपा का सांसद बनना तय है।

### तूल पकड़ रहा है कंपनी में श्रमिक के मौत का मामला

# श्रम विभाग की लापरवाही से हो रही कामगारों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



श्रम विभाग के अधिकारियों को औद्योगिक क्षेत्र बोरगाव में संचालित होने वाली इकाइयों में हो रहै कामगारों के शोषण,हादसों को लेकर सैकड़ो बार शिकायत करने के बावजूद भी श्रमविभाग में बैठे हुए अधिकारियों की नींद नहीं खुल रही है। जिसका खामियाजा आए दिन बोरगाव क्षेत्र की कंपनियों में काम करने वाले भोले भाले मासूम कामगारों को अपनी जान चुका कर देना पड़ रहा है। औद्योगिक क्षेत्र की बोरगांव एवीजे कंपनी में मासूम कामगार पर सायलो टैंक ऊपर से गिरने के कारण मौत हो गई थी। एक कामगार गंभीर रूप से घायल हो गया था। यह हादसा यहां की कंपनीयो में कोई पहला हादसा नहीं है, इसके पूर्व भी कई हादसो में मासूम कामगारों की जाने जा चुकी है। बावजूद इसके कंपनियों में चल रही अनियमितताएं व्यवस्थाओं शोषण को श्रम विभाग जिला प्रशासन ओर कंपनी प्रबधन सुधारने का नाम नहीं ले रहा है। दुर्घटना होने के बाद में क्षेत्र के जिम्मेदार नेताओं एवं जिले के अधिकारियों के द्वारा मात्र खानापूर्तिकर या फिर मृतक कै परिजनों को कुछ राशि देकर मामले को रफा दफा किया जा रहा है।

### श्रम विभाग के अधिकारियों की नहीं टूट रही नींद

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस अवीजे कंपनी में मासूम मजदूर की मौत हुई है। उसमें बड़े पैमाने पर एथेनॉल का निर्माण किया जाता था। कंपनी के भीतर लगाए गए सायलो टैंक की तकनीकी रूप से क्षमता केवल 50 टन की बताई जा रही है।किंतु अधिक प्रोडक्शन की होड़ में कंपनी प्रबंधन के द्वारा उक्त सायलों टैंक में 150 से अधिक टन मक्के का भूसा जमा किया गया था। जिस समय सायलों टैंक गिरा और श्रमिक दबकर मौत हुई है। उस सायलों टैंक कोहटाने के लिए प्रशासन को लगभग 8 घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी थी।कामगारों से मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक इकाइयों में चल रही अनियमितता की पूर्व में कई बार शिकायतें की जा चुकी है कई कंपनियों में नाबालिक कामगारों से भी काम लिया जा रहा है। बावुजूद इसके श्रम विभाग के अधिकारियों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। सायलो टैंक गिरने से जीस कामगार कामगार की मौत हुई है। उसकी उम्र भी कम बताई जा रही है। अवज कंपनी में हुई दुर्घटना को लेकर कामगारों के द्वारा मामले की पूरी जांच एवं कंपनी प्रबंधन पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग भी की जा रही है।इधर लगातार कंपनियों में हो रहे हादसों के बाद भी श्रम विभाग के द्वारा कार्रवाई या व्यवस्था में सुधार नहीं करना कंपनी प्रबंधकों एवं श्रमविभाग के मिलीभगत नजर आती है।

# अनेक रक्तदान शिविरों के लिए प्रयास संगठन को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

सौंसर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर क्षेत्र में रक्तदान शिविरो का आयोजन करने के लिए नगर की स्वयंसवी सामाजिक संस्था प्रयास संगठन को जिला स्तर पर पुरस्कृत किया गया है। संस्था की ओर से मिली जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा द्वारा ब्लड डोनर ट्रेनिंग में ब्लड डोनेशन कैंप के बेस्ट प्रबंधन के लिए प्रयास (जीने की नई सोच) संगठन सौसर के सदस्यों को डॉ ए. के. जैन द्वारा समाज में स्वास्थ्य एवं क्षेत्र में अधिक रक्तदान शिविरों का आयोजन करते हुए रक्त को संग्रहित कर दूसरे लोगो की जान बचाने आदि उत्कृष्ट कार्यो के लिए संस्था अध्यक्ष राजेश गुजर,सचिव प्रदीप कलसकर, स्वपनिल पिम्पलकर, अशोक भुसारी,प्रवीण कुसनेकर को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।संस्था अध्यक्ष श्री गुर्जर ने बताया कि संस्था के माध्यम से आगामी समय में भी रक्तदान शिविर के अलावा जरूरतमंदों को जीवन उपयोगी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी निरंतर रात दिन काम किया जाएगा।

# आज लगेगा रंगपंचमी का भव्य मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी में कबीर पंथ के सातवे गुरु के दरबार में आज लगेगा रंगपंचमी का ऐतिहासिक मेला। जिले सहित प्रदेश में प्रसिद्ध है यह रंगपंचमी का मेला, देश भर के कबीर पंथ के अनुयाई सहित अन्य मानने वाले जीवित समाधि स्थल पर यहां आते है और मन की मुराद पूरी करते है। आयोजक समिति के अनुसार सिंगोड़ी का जीवित समाधि स्थल कबीर पंथ के सातवे गुरु पंथ हुजूर सुरूति स्नेही नाम साहेब है और इस दरबार में सैकड़ो वर्षो से रंग पंचमी के मेला आयोजित किए जाते हैं। इनके मुख्य रूप से मध्य प्रदेश मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात राजस्थान विहार दिल्ली सहित देश के कई हिस्सों में पंत के मानने वाले मौजूद हैं वही जिले में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहते है।पांच दिवसीय विशाल भंडारा समिति सिंगोड़ी के द्वारा हर वर्ष होली के दिन से लेकर रंग पंचमी तक पांच दिनों तक विशाल भंडारा का आयोजन किया जाता है जिसमें हजारों की संख्या में लोग प्रतिदिन सुबह और शाम इस भंडारे के महाप्रसाद को ग्रहण करते हैं और साहेब दरबार से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं वही भंडारे हेतु अनेक लोग अपनी श्रद्धा अनुसार यहां पर दान भी करते हैं आए दिन लोगों की भारी भीड़ यहां पर देखने को मिलती है जो कि कबीर पंथ के लोगों में एक बड़ा आस्था का केंद्र देखने को मिलता है सिंगोड़ी का रंगपंचमी का यह मेला कई वर्षों पुराना है जो कि ऐतिहासिक मेले के रूप में जाना जाता है जो भी व्यक्ति सच्चे मन आस्था और पूर्ण श्रद्धा के साथ इस जीवित समाधि स्थल पर पहुंचता है उसकी मनोकामना साहेब जरूर पूरी करते हैं अनेक प्रांत और जगहों के लोग यहां पर अपने बच्चों की झालर उतारते हैं तो वहीं बहुत से लोग चौका आरती का कार्यक्रम कर महाप्रसाद का वितरण करते हैं।



# रोजेदारों के लिए प्रतिदिन बनाई जा रही है इफ्तारी

**सिंगोड़ी:** सिंगोड़ी जामा मस्जिद में रोजादारो के लिए प्रति दिन इफ्तारी बनाई जा रही हैं। जहा सैकड़ो रोजादार रोजा खोल रहे हैं। वही कई घरों में बच्चे भी आगे है रोजा रखने में। सिंगोड़ी अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन कमेटी के सदर इलमन मिस्कीनी ने बताया की आज माह-ए-रमजान का तीसरा जुमा था और इस्लाम धर्म में जुमे के दिन की खास फजीलत होती है. जुमे के दिन विशेष नमाज अदा की जाती है, जिसके लिए मस्जिदों में नमाजियों की काफी भीड़ होती है क्यों की हर मुसलमान जिसमे बड़े छोटे बुजुर्ग सब जुमे की नमाज जरूर अदा करते है। वही सदर इलमन भाई ने बताया कि पिछले अठारह दिनों से निरंतर जामा मस्जिद परिसर में जनसयोग से रोजदारो के लिए रोजा इफ्तार (रोजा खोलने के लिए) के बेहतर इंतजाम किया गया है।

# भारतीय बौध्द महासभा को विधायक ने की पहली तनख्वाह दान, मुम्बई में डॉ राजरत्न अम्बेडकर को सौंपा चैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



मध्यप्रदेश के एक विधायक ने पहली तनखाह भारतीय बौद्ध महासभा के माध्यम से समाज उत्थान के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष और संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के पौत्र राजरत्न आंबेडकर को दान की है।एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेशसदस्य चंद्रभान बागड़े,जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत, अकिंत मेश्राम ने बताया है कि मध्यप्रदेश भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वाघ से मिली जानकारी के अनुसार मप्र के मुरैना जिले की जौरा विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक पंकज उपाध्याय ने भारतीय बौद्ध महासभा शाखा मप्र के माध्यम से अपनी विधायकी की पहली तनख्वाह भारतीय बौद्ध महासभा को दान की है। विधायक पंकज उपाध्याय ने ग्वालियर संभाग में मुरैना जिले की जौरा विधानसभा में प्रदेश अध्यक्ष मुकुल लक्ष्मण वाघ के साथ भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश शाखा के माध्यम से संविधान बचाओ जनसभाओं का आयोजन कर अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग को प्रभावित किया था। परिणाम स्वरूप पंकज उपाध्याय 35000 मतों से विजय हुए हैं। उन्होंने चुनाव के दौरान किया अपना वादा पुरा करते हुए मुंबई में भारतीय बौद्ध महासभा को अपनी विधायकी की पहली तनख्वाह के 1.10 लाख रुपए प्रदेश अध्यक्ष मुकुल लक्ष्मण वाघ के साथ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के प्रपौत्र व संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजरत्न आम्बेडकर को भेंट किए है।

### भारत विश्व गुरु की ओर आगे बढ़ रहा: विजयवर्गीय

# बालाघाट विधानसभा का भाजपा विजय संकल्प सम्मेलन संपन्न



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लोकसभा क्षेत्र बालाघाट-सिवनी के अंतर्गत विधानसभा बालाघाट के भरवेली, बालाघाट, खमरिया और लालबर्रा मंडल के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं का संयुक्त विजय संकल्प सम्मेलन लालबर्रा के मानपुर में गुरुवार को देर शाम को संपन्न हुआ। जहां प्रमुख तौर पर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी भारतीय पारधी के समर्थन में भाजपा लोकसभा प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश महामंत्री श्रीमती कविता पाटीदार, भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर "नानो' कावरे, पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश दिलीप भटेरे, सत्यनारायण अग्रवाल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री मौसम हरिनखेरे, जिला उपाध्यक्ष मोनू पांडे, संजय मिश्रा, संजय खंडेलवाल, दिलीप चौरसिया, जिला पंचायत सदस्य झामसिंह नागेश्वर, डुलेन्द्र ठाकरे, नपा अध्यक्ष भारती ठाकुर, मंडल अध्यक्ष राजेश गोमासे, सुरजीत सिंह ठाकुर, कन्हैया चौहान, योगेश लिल्हारे, नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सुधीर चौधरी, अनिल धुवारे, अनुराग चतुरमोहता, पुष्पा नागेश्वर, कैलाश अग्रवाल, गुलशन भाटिया, देवीलता ग्वालवंशी, जैनेंद्र कटरे, सचिन चौधरी, राकेश सेवईवार, अरूण राहंगडाले, गणेश अग्रवाल, राजेश लिल्हारे, विजय बिसेन, खिमेन्द्र गौतम, अखिलेश चौरे, सिद्धार्थ बाजपेई, मनोज पारधी, जितेंद्र सिंह राजपूत प्रसन्न अवधिया समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जहां भाजपा लोकसभा प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार, स्टार प्रचारक गौरीशंकर बिसेन,भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश भटेरे, सत्यनारायण अग्रवाल, जिला महामंत्री मौसम हरिनखेरे ने सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन का संचालन भाजपा नेता प्रसन्न अवधिया ने किया।

### 2 हजार से अधिक पीठासीन अधिकारी हुए प्रशिक्षित

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में मतदान दलों के प्रशिक्षण का दौर 21 मार्च से प्रारंभ हुआ है। 21 से 23 मार्च तक पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी एक का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ है। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी श्री एके उपाध्याय ने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण में 2204 पीठासीन अधिकारियों और 2083 मतदान अधिकारी क्र.1 को प्रशिक्षित किया जा चुका है। जबकि 28 मार्च से जिले के 44 प्रशिक्षण केंद्रो पर 753 पी-2 और 754 पी-3 का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ है। 44 सभी स्थानों पर यह प्रशिक्षण प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जा रहा है। जबकि संबंधित एसडीएम, तहसीलदार और जनपद सीईओ की उपस्थित में व्यवस्थाओं के साथ ही आवश्यक मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रारंभ हुये है।

# संस्था संजीवनी इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल सांइस बालाघाट में धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



संस्था संजीवनी इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल सांइस बालाघाट में 24 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन संस्था के खेल प्रांगण में किया गया। जिसमे संस्था के स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओ ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली का पर्व धूमधाम से मनाया। संस्था के संचालक विक्रांत वर्मा ने छात्र-छात्राओ को जानकारी देते हुए बताया कि होली का पर्व क्यों मनाया जाता है? इस दौरान उन्होंने हिरणकुश और भक्त प्रहलाद की कथा विस्तार से सुनाते हुए कहा कि हिरणकुश सदैव अधर्म के रास्ते पर चलता था और उसका पुत्र प्रहलाद धर्म के रास्ते पर चलता था जिस कारण दोनों पिता और पुत्र के बीच हमेशा तनाव बने रहता था। भक्त प्रहलाद के पिता हिरणकुश ने अपनी बहन होलिका से प्रहलाद को अपना गोद मे बैठने को कहा , इसके बाद होलिका ने प्रहलाद को अपनी गोद में बैठा लिया, लेकिन होलिका जलकर राख हो गई और भक्त प्रहलाद के लिए वह अग्नि के अंगार फूलो का श्रृंगार बन गया, तभी से होली का पर्व मनाया जाता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे संस्था के संचालक मंडल से राजीव बिसेन, सचिन देव बिसेन, गोविंद ठाकुर, पंकज बिसेन, संस्था के शैक्षणीक स्टॉफ से, डॉक्टर आर के वर्मा, डॉक्टर उमंग बघेल, डॉक्टर रवि धामने, डॉक्टर अखिलेश गौतम, डॉक्टर खुमान सिंह राहंगडाले, डॉक्टर नेहा परवीन, किलेश्वरी चौहान, डॉक्टर ज्योति राहंगडाले, सारिका लिल्हारे, मोनिका टेंभरे, अकुंश माहूले, देवेन्द्र पगरवार,निलेश गौतम, राम हुमनेकर, अजय सूर्यवंशी गैर शैक्षणिक स्टॉफ से सुशील नंदगौली, कविता माहुले, संध्या नगपुरे, ऋतु बांसोड, अभिलेष रावते संतोषी बर्वे, जीवेंद्र पांचे, जितेंद्र चंद्रवंशी एवम्‌ संस्था के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सतत जीवन शैली जीरो वेस्ट लाईफ स्टाईल पर तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर के मार्गदर्शन तथा प्रभारी प्राचार्य डॉ. सरोज घोड़ेश्वर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला के प्रथम दिवस पर्यावरण चेतना सतत जीवन शैली एवं जीरो वेस्ट लाइफस्टाइल पर प्रेजेंटेशन प्रारंभ कर ग्रीन हाउस प्रभाव एवं ग्लोबल वार्मिंग से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में अवगत कराया। साथ ही प्रेक्टिकल के माध्यम से सतत जीवन शैली को अंगीकृत करने के उपाय के बारे में भी बताया। वहीं द्वितीय दिवस एग्रीकल्चर के सहायक प्राध्यापक डॉ. शरद बिसेन द्वारा बेस्ट टू एग्रीकल्चर प्रोड्यूस एंड अर्निंग सोर्स की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जिसमें नेचुरल रिसोर्स वाटर को कैसे बचा सकते हैं? एग्रीकल्चर बेस्ट मैनेजमेंट कैसे कर उसका रिसायकिलिंग कर डंपिंग कर वेस्ट प्रबंधन कर लाभान्वित हो सकते हैं।

# जिला पंचायत सभापति के निवास पर हुआ होली मिलन समारोह

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** देवताओं की होली के नाम से प्रचलित रंगपंचमी का त्योहार शुक्रवार को समूचे कटंगी क्षेत्र में उत्साह पूर्वक मनाया गया. इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य सभापति केसर बिसेन के कटंगी स्थित आवास में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. जहां विधानसभा क्षेत्र कटंगी-खैरलांजी के उनके तमाम समर्थक पहुंचे.



लगातार तीसरी बार की जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन वैसे तो कांग्रेस पार्टी से ताल्लुक रखती थी लेकिन कांग्रेस पार्टी से बगावत कर विधानसभा चुनाव में उतरने के बाद उन्हें पार्टी ने 06 वर्षो के लिए निष्कासित कर दिया है. पार्टी ने केसर बिसेन के साथ ही उनके पुत्र आशुतोष बिसेन जो मध्यप्रदेश असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे. उन्हें भी पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का हवाला देते हुए निष्कासित किया और तीनों ही ब्लॉक कटंगी, तिरोड़ी और भौरगढ़ के अध्यक्ष भी बदल दिए थे. परंतु चुनाव में मिली हार के बाद केसर बिसेन ने होली मिलन समारोह का आयोजन कर फिर एक बार अपनी सक्रियता को साबित कर दिया है।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण एवं रामकथा का आयोजन कायदी में 6 से

**बालाघाट।** श्रीराम मंदिर प्रांगण कायदी तहसील वारासिवनी में संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण एवं रामकथा का 7 दिवसीय आयोजन 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक किया जा रहा है। जिसमें समस्त जिलेवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर पूण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। जिसमें कथा का वाचक साध्वी राधिकाकिशोरी जी बरसाना (उ.प्र.) एवं कथावाचक राधिकाशरण जी महाराज वृंदावन (उ.प्र.) के मुखार बिंद से की जावेगी। इस संदर्भ में आयोजककर्ताओं ने बताया कि ग्राम पंचायत कायदी में प्रतिवर्ष भागवत कथा आयोजित होती है। इस वर्ष भी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन 6 अप्रैल शनिवार से प्रारंभ होकर 12 अप्रैल तक होगा।

# गढ़वाल मंगल भवन में मंडल की आमसभा बैठक व होली मिलन समारोह कल

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पनबिहरी में स्थित गढ़वाल मंगल भवन में अखिल भारतीय गढ़वाल समाज मंडल पाढरवानी अन्तर्गत आने वाले सभी ग्रामों कि एक सामूहिक बैठक (आमसभा) व होली मिलन समारोह का आयोजन 31/03/2024 दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से किया गया है।

जानकारी देते हुए श्री मंडल अध्यक्ष श्री अनिल ब्रम्हें ने बताये कि वर्ष 2024 कि प्रथम आमसभा कि बैठक का आयोजन किया गया है,जिसमें मंडल अन्तर्गत आने वाले ग्राम बड़ी पनबिहरी, छोटी पनबिहरी, मानपुर, अमोली, लालबर्रा, पाढरवानी, अतरी, आमाटोला, कटंगटोला व औल्याकन्हार ग्राम शामिल हैं,वहीं उक्त आयोजित बैठक में उपस्थित सभी सामाजिक बन्दुओं को आय व्यय कि जानकारी देना,मासिक जमा राशि में आपसी चर्चा, सामाजिक भवन कि बकाया देनदारी राशि पर चर्चा कर महासभा अध्यक्ष को पत्राचार कर राशि कि मांग,मंडल को प्राप्त आवेदन पत्र पर दोनों पक्षों कि मंत्रणा,आगामी बाल विकास संस्कार शिविर सहित अन्य और भी सामाजिक बिन्दुओं पर चर्चा कर अमल में लाने का प्रयास किया जायेगा तत्पश्चात उपस्थित सभी सामाजिक बन्दुओं का होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित होगा श्री ब्रम्हें ने मंडल अन्तर्गत आने वाले सभी ग्रामों के सामाजिक बन्दुओं को उक्त बैठक में तय समय पर उपस्थित होने कि अपील कि है।

### मतदान केंद्र में घबराहट का कारण विधिवत प्रेक्टिस नहीं करना

# सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण में कलेक्टर व मतदान दलों के प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर ने दिया प्रशिक्षण



**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत शुक्रवार को मतदान दल अधिकारियों के प्रथम चरण के प्रशिक्षण का समापन हो गया है। प्रथम चरण में 1417 मतदान अधिकारी- 2 व 3 का प्रशिक्षण जिले के 44 प्रशिक्षण केंद्रों पर आयोजित किया गया। कटंगी में आयोजित प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे ने मतदान दलों को प्रशिक्षित करते हुए कहा कि मतदान केंद्र में दलों की घबराहट का एक मुख्य कारण है कि उन्होंने विधिवत प्रेक्टिस नही की होती है। लिफाफे आदि भरना तो सहज होता है। कई पीठासीन अधिकारी पारंगत होते है। उन्हें अनुभव अवश्य होता है लेकिन प्रशिक्षणों के दौरान ध्यान नही देने और ईवीएम मशीनों के सन्चालन की विधिवत प्रेक्टिस नहीं करने से घबराहट होती है। क्योंकि केंद्र पर मतदाताओं की कतार में संख्या बढ़ती जाती है। ऐसे समय मे प्रेक्टिस का महत्व बढ़ जाता है। इशिलये प्रशिक्षण में ही ईवीएम मशीनों का व्यवस्थित प्रशिक्षण लेना चाहिए। शुक्रवार को जिले में 678 मतदान अधिकारी-2 और 739 मतदान अधिकारी-3 का प्रशिक्षण समपन्न हुआ है। प्रशिक्षण नोडल अधिकारी श्री एके उपाध्याय ने बताया कि मतदान दलों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण संभवतः अप्रैल के पहले सप्ताह में आयोजित होगा।

मतदान दलों के अलावा जिला पंचायत सभागृह में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि एक सेक्टर में आने वाले प्रत्येक मतदान केंद्रों की जानकारी सेक्टर अधिकारी को होनी चाहिए। मतदान केंद्रों के बारे में जितनी जानकारी सेक्टर अधिकारी के पास होगी। उतनी ही सुविधा मतदान दिवस के दिन होगी।

## खबर संक्षेप

### दो से चार अप्रैल तक कर सकेंगे स्कूलों का चयन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नि:शुल्क, अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा के तहत कमजोर वर्ग व वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निशुल्क प्रवेश के लिए प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है।प्रथम चरण के बाद स्कूलों में रिक्त रह गई सीटों पर प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाना है।इस मामले में डीपीसी महेश बघेल ने बताया है कि आवेदकों को अलग से आवेदन व सत्यापन कराने की आवश्यकता नहीं है।आवेदन में केवल स्कूल की च्वाइस ही अपडेट हो सकेगी।द्वितीय चरण में स्कूल च्वाइस अपडेट करने के लिए वह आवेदक पात्र नहीं है, जो सत्यापन के बाद अपात्र पाए गए थे।जिन आवेदकों को प्रथम चरण में स्कूल आवंटन हुआ है व आवंटित स्कूल में प्रवेश ले लिया है, वह द्वितीय हे चरण के लिए पात्र नहीं है।जिला शिक्षा केंद्र के परियोजना समन्वयक एमके बघेल ने बताया कि आवेदकों के स्कूलों की च्वाइस को अपडेट करने की समय सीमा दो से चार अप्रैल तक है।द्वितीय चरण की आनलाइन लाटरी आठ अप्रैल को होगी।आवंटन के बाद स्कूल में प्रवेश व संबंधित स्कूल के मोबाइल ऐप से एडमीशन रिपोर्टिंग 12 से 18 अप्रेल तक होगी।

# प्रतिबंध के बाद भी जलने लगी नरवाई खेतों में लगी फसलें हो रही खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

हर साल जिला प्रशासन गेहूं की फसल कटने के बाद शेष बचने वाली नरवाई को नहीं जलाने की सलाह के साथ कार्रवाई करने की चेतावनी जारी करता है, लेकिन कार्रवाई शून्य ही रहती है।इस साल भी किसान रात के समय चोरी छिपे नरवाई में आग लगाने लगे हैं। नरवाई की इस आग से ना केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि जमीन की उर्वरा शक्ति भी कम हो रही है। इसके अलावा नरवाई की आग आसपास के खेत मे लगी फसल को भी अपनी चपेट में ले रही है। इसके बाद भी नरवाई जलाने वालों पर कार्रवाई तो दूर उनकी पहचान भी नहीं होती है। हालांकि कुछ किसानों का कहना है कि ये घटनाएं बिजली के तारों से निकली चिंगारी के कारण हुई है।इससे किसानों को काफी नुकसानी का सामना करना पड़ा है।इधर नरवाई में आग लगाने की सूचना पर नगरीय निकायों को मजबूरी में आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड भेजना पड़ती है। इससे न सिर्फ पानी की बर्बादी होती है बल्कि डीजल भी खर्च हो रहा है।प्रशासन द्वारा जारी किए गए नरवाई में आग नहीं लगाने के साथ संबंधित किसान के विरुद्ध कार्रवाई करने के आदेश महज दिखावा ही साबित हो होते हैं।इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।कारवाई

### खर्च बचाने जला रहे नरवाई

कुछ किसानों ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया है कि नरवाई को गहरी जुताई न करते हुए जलाने का तरीका सस्ता है।किसानों के मुताबिक नरवाई को जलाने में खेत की सफाई में समय व श्रम की बचत होती है।इसके साथ ही गहरी जुताई की आर्थिक बचत भी हो जाती है।किसानों ने बताया है कि खेत की जुताई के बाद बोवनी के समय अच्छे से सिंचाई व खाद का भरपूर उपयोग करने से फसल अच्छी होती है।किसानों की माने तो नरवाई जलाने से उन्हे नुकसान के स्थान पर लाभ होता है।इधर प्रशासन द्वारा नरवाई जलाने से रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जाती हैं।

### उर्वरक क्षमता पर पड़ रहा असर

कृषि विज्ञानी केंद्र के मृदा विज्ञानी केके देशमुख के अनुसार नरवाई जलाने से भूमि की उर्वरक क्षमता पर असर पड़ता है।भूमि की सतह पर पाए जाने वाले लाभकारी बैक्टीरिया नष्ट होते हैं।नरवाई को जलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति के रूप में मौजूद तत्व आग के साथ जलकर भूमि की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है।इससे किसानों की फसल व पैदावार पर असर पड़ता है।कृषि विज्ञानी का कहना है कि किसान को नरवाई जलाने की अपेक्षा उससे जैविक खाद बना सकते है।इससे न केवल भूमि उपजाऊ होगी बल्कि खाद का खर्च भी कम आएगा।

### किसानों को होता है नुकसान

हर साल नरवाई जलाने से आगजनी के घटनाएं अधिक होती हैं। इससे नरवाई जलाने वाले खेत से लगे अन्य किसानों के खेत में लगी खड़ी फसल भी आग की चपेट में आ जाती है।इससे किसानों को काफी नुकसान होता है। हालही में जिले के छपारा व अन्य विकासखंडों में आगजनी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

# निर्वाचन प्रेक्षक श्री सिंह ने सिवनी पहुँचकर निर्वाचन तैयारियों का अवलोकन किया

### स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम और मीडिया मॉनिटरिंग सेल सहित प्रशिक्षण कार्यों का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन- 2024 बालाघाट-सिवनी संसदीय सीट के लिए श्री शुभकरण सिंह को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री सिंह ने शुक्रवार 29 मार्च को सिवनी पहुँचकर निर्वाचन से सम्बंधित तैयारियों का अवलोकन किया। प्रेक्षक श्री सिंह नें कंट्रोल रूम, एमसीएमसी सेल तथा पॉलीटेकनिक कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम के साथ-साथ उत्कृष्ट विद्यालय में चल रहे पीओ, पी-1 के अधिकारी-कर्मचारियों के प्रशिक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने उक्त सभी तैयारियों का सूक्ष्मता से अवलोकन करने के साथ ही सम्बंधितो से जानकारी भी ली। प्रेक्षक श्री सिंह ने टोल फ्री नम्बर 1950 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की प्रकृति तथा उनके निराकरण के बारे में जाना। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने प्रेक्षक श्री सिंह को जिलें में निर्वाचन की तैयारियों के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रेक्षक श्री सिंह ने जिले में निर्वाचन की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया तथा जिलें की कार्ययोजना की सराहना की।

### मेहंदी-रंगोली गतिविधियों के माध्यम से महिला मतदाताओं को मतदान करने हेतु किया जा रहा प्रोत्साहित

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन- 2024 अंतर्गत जिले के सभी वर्ग के मतदाताओं की मतदान में शत-प्रतिशत सहभागित सुनिश्चित कराने के उद्धेश्य से विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्रामों एवं नगरों में महिला मतदाताओं के मध्य मेहंदी-रंगोली जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन कर मतदान दिवस आगामी 19 अप्रैल 2024 को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही स्कूलों में छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर पेंटिंग बनाकर मतदाताओं से मतदान करने की अपील की जा रही है।

# दिन में चुभने लगी तेज धूप

**इस साल गर्मी का असर अभी से दिखने लगा है।पिछले सप्ताह मौसम में आए बदलाव के कारण वर्षा व ओलावृष्टि के कारण वातावरण में ठंडक आई थी।वहीं बीते चार दिनों से मौसम साफ होने के कारण दिन की तेज धूप से लोगों को चुभने लगी है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



हर दिन पारे में उछाल दर्ज किया जा रहा है।गरूवार को अधिकतम पारा 38 डिसे दर्ज किया गया।हर दिन बढ़ रही गर्मी से न केवल लोग हलकान हो रहे है बल्कि उनकी सेहत पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अप्रैल माह की शुरूआत से गर्मी और बढ़ेगी। पिछले एक सप्ताह में तापमान में लगातार बढोत्तरी हो रही है। दिन में ज्यादा गर्मी पड़ने लगी है। गर्मी के कारण लोगों ने पंखे, कूलर व एसी भी चलाने शुरू कर दिए हैं। वहीं शीतल पेय पदार्थ की बिक्री बढ़ गई है।लोगों का कहना है कि पिछले साल मार्च माह में इस तरह की गर्मी नहीं पड़ी थी। अब अप्रैल का महिना शुरू होने के बाद गर्मी और अधिक बढ़ेगी।गुरूवार को सुबह से ही सूरज की तपन ने अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया था।दोपहर होने के बाद गर्मी और बढ़ गई। शाम पांच बजे तक मौसम में गर्माहट रही।शाम को लोगों को हल्की राहत मिली।पिछले एक सप्ताह में अधिकतम तापमान में चार डिग्री की बढोत्तरी हो गई। मौसम के अचानक बदलने और तापमान में बढ़ोत्तरी लोगों को बीमार कर रही है।सर्दी-खांसी,वायरल फीवर, सिर दर्द से पीड़ति मरीजों की संख्या अस्पताल में बढ़ने लगी है।डाक्टरों का कहना है कि ऐसे मौसम में एहतियात बरतना बेहद जरूरी हो गया है।डाक्टर के अनुसार ऐसे मौसम में अचानक एसी व कूलर में जाने, फ्रिज का ठंडा पानी पीने, सीधे तेज धूप में जाने से बचना चाहिए, वर्ना यह सेहत के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। अस्पताल में पदस्थ डाक्टर पी सूर्या ने बताया है कि ऐसे मौसम में खान-पान पर विशेष ध्यान देना जरूरी है।ज्यादा मसालेदार व बासा भोजन करने से परहेज करना चाहिए।गर्मियों में दही नियमित रूप से लेने से शरीर का तापमान काबू रखने में मदद मिलती है। दही खाने से पेट भी सही रहता है।इस मौसम में दही से बनी चीजें स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छी रहती हैं।गर्मियों में शरीर में पानी की खपत बढ़ जाती है।ऐसे में छाछ पानी की कमी को पूरा करते हुए जो जायका देता है, उससे मन अच्छा हो जाता है। छाछ पीने से देर तक ताजगी का अहसास होता रहता है।

# गल्ला व्यापारी का अपहरण कर मांगी फिरौती पुलिस ने 3 को किया गिरफ्तार, दो फरार



**छपारा पुलिस द्वारा अपहरण की जानकारी मिलते ही अपनी सूझबूझ से त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को धर दबोचने में सफलता हासिल की वहीं इस अपराधिक मामले में लिप्त दो अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गनेशगंज ।

**छपारा गल्ला व्यापारी का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले चार आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है वहीं दो आरोपी भागने में फरार हो गए जिनकी तलाश की जा रही है। अपहरण कर्ता आरोपियों के द्वारा व्यापारी को अगवा कर बीती पूरी रात भर घंसौर के समीप स्थित जंगल में रखा गया एवं धमकाया गया। अपहरण किए गए गला व्यापारी व परिजनों द्वारा एक बार बीस हजार और एक बार एक लाख रुपए आनलाइन ट्रांसफर किए गए ।**

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार छपारा नगर से पांच किलोमीटर दूर ग्राम भीमगढ क्षेत्र मे अनाज खरीदने का व्यापार करने वाले श्रीराम चंद्रवंशी पिता रेखराम चंद्रवंशी 38 वर्ष ग्राम देवरी खुर्द निवासी को घर वापस लौटते समय गत 27 मार्च की रात्री को छपारा से पांच किलोमीटर दूर भीमगढ- छपारा मार्ग पर ग्राम गोरखपुर बंजारी मंदिर के पास दोपहिया वाहन रोककर बाइक की चाबी निकालकर जबरदस्ती एक मैजिक वाहन में बैठकर घंसौर के पास जंगल में ले गए जहां रात्रि में श्रीराम चंद्रवंशी से जबरदस्ती दबाव बनाया और आनलाइन रुपए जमा कराया गया।

दूसरे दिन आज 28 मार्च को सुबह आठ बजे अपहरण हुए श्रीराम चंद्रवंशी के छोटे भाई भगतराम ने परिजनों के साथ छपारा पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद पुलिस के द्वारा जांच शुरू की गई और दो आरोपियों को नगर के दूल्हा देव मंदिर के पास से पकड़ा गया वही दो आरोपियों को लखनादौन छपारा के बीच स्थित फोर लाइन के बंजारी माता मंदिर के पास से पकड़ा गया वहीं दो और आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं।

जिन अपहरण कर्ता आरोपियो को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है उनमें अर्जुन पिता नीलम पटेल 25 साल निवासी कुर्सीपार , हरिओम पिता कुमत लाल सोनवंशी 21 साल निवासी लुढ़गी बालक उम्र 17 साल निवासी खुर्सीपार एवं फरार आरोपी मे निक्की पटेल व रविकांत डहेरिया दोनों निवासी खूर्सीपार शामिल है।

## प्रशासन एवं पुलिस विभाग का संयुक्त फ्लैग मार्च



**केवलारी।** लोकसभा चुनाव अप्रैल 2024 के परिपेक्ष्य मे चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 29 मार्च 2024 को आशीष (IAS) एसडीएम , आशीष भराडे (SDOP) , सतीश चौधरी तहसीलदार,सी एस उइके थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस कर्मचारी एवं स्थानीय प्रशासन के द्वारा साप्ताहिक बेठकी बाजार के अवसर पर नगर में फ्लैग मार्च निकला गया। फ्लैग मार्च में नेतृत्व कर रहे अधिकारियों ने लोगों से आपसी सद्भाव बनाए रखते हुए धार्मिक आयोजनों को करने एवं साथ ही आसान्न लोकसभा चुनाव में शांति पूर्ण वातावरण में बिना भय पक्षपात के मतदान करने का संदेश दिया। असामाजिक तत्वों पर हर तरह से प्रशासन के द्वारा निगरानी रखे जाने सहित जन सुरक्षा का संदेश दिया ।

### लखनादौन मुख्य मार्ग के पुल से 20 वर्षीय युवती गिरी

**सिवनी।** लखनादौन थाना अंतर्गत मुख्य मार्ग पर कॉलेज के पास स्थित एनएचएआई के पुल से गिरकर एक युवती घायल हो गई। मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों ने घायल युवती को तत्काल लखनादौन अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। लखनादौन थाना प्रभारी केपी धुर्वे ने बताया कि घायल युवती के बयान पुलिस ने दर्ज कर लिया है। युवती ने अपना नाम अयोध्या काकोड़िया (20) भालीवाड़ा गांव निवासी बताया है। युवती के अनुसार वह अपने गांव भालीवाड़ा से पैदल लखनादौन आई थी। इसी दरम्यान वह थकावट मिटाने के लिए पुल पर बैठी थी, जहां चक्कर आने के कारण वह पुल से नीचे गिरकर घायल हो गई।

## चना, मसूर, सरसों का उपार्जन कार्य प्रारंभ

# कृषक स्लॉट बुक कराकर उपार्जन केन्द्र में अपनी उपज का कर सकते हैं विक्रय

**उपसंचालक कृषि सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में रबी वर्ष 2023-24 विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन का कार्य प्रांरभ हो चुका है, जो 31 मई 2024 अवधि चलेगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शासन द्वारा चना का समर्थन मूल्य 5440/- रूपये प्रति क्विटल, मसूर 6424/- प्रति क्विटल एवं राई-सरसों 5650/- प्रति क्विंटल की दर निर्धारित कर उपार्जन निति अनुसार उपार्जन का कार्य किया जाना है। कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन हेतु जिले में 11 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। सिवनी एवं सिवनी नगर तहसील हेतु 2 उपार्जन केन्द्र क्रमशः नरेला 3 बी उपार्जन समिति सहकारी प्रक्रिया एवं विपणन संस्था मर्यादित सिवनी एवं फॉरलेन सिमरिया 8 सी, उपार्जन समिति सेवा सहकारी समिति बंडोल को निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार केवलारी तहसील हेतु एम.पी.डल्ब्यू एल सी पलारी गोदाम उपार्जन संस्था सेवा सहकारी समिति मर्यादित पलारी, बरघाट तहसील हेतु मानसी वेयर हाउस सेलुवा उपार्जन संस्था वृहत्ताकार सोसायटी बरघाट, कुरई तहसील हेतु शिवगंगा वेयर हाउस हरहरपुर उपार्जन संस्था आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मोहगांव, छपारा तहसील हेतु माँ पार्वती वेयर हाउस मटामा उपार्जन संस्था आदिम जाति सेवा सहकारी समिति छपारा, लखनादौन तहसील हेतु 2 उपार्जन केन्द्र एम.पी.डब्ल्यू एल.सी धूमा उपार्जन समिति आदिम जाति सेवा सहकारी समिति धूमा एवं पांडे ग्रेडर्स साजपानी लखनादौन उपार्जन संस्था आदिम जाति सेवा सहकारी समिति लखनादौन, घंसौर तहसील हेतु 2 उपार्जन केन्द्र द्वारिका वेयर हाउस घंसौर उपार्जन संस्था आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कहानी, एवं माँ कर्मा देवी वेयर हाउस मेहता उपार्जन संस्था सहकारी प्रक्रिया एवं विपणन संस्था मर्यादित लखनादौन तथा धनौरा तहसील हेतु पारस एग्रो वेयर हाउस धनौरा उपार्जन संस्था आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुड़ारी निर्धारित किये गये है।

इन उपार्जन केन्द्रों पर कृषक बंधु स्लॉट बुक कराकर अपनी उपज का विक्रय कर सकते हैं जिसका भुगतान जे.आई.टी पोर्टल के माध्यम से आधार लिंक बैंक खाते में होना है। उपार्जन का कार्य सप्ताह में 5 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) तक किया जावेगा एवं उपज विक्रय हेतु इस अवधि की स्लॉट बुकिंग की जा सकेगी। कृषक द्वारा उपज विक्रय हेतु स लॉट बुकिंग उपार्जन के अंतिम 10 दिवस को छोडकर की जा सकेगी एवं स लॉट की वैद्यता अवधि 7 कार्य दिवस होगी। उपार्जन हेतु निर्धारित किये गये उपार्जन स्थल पर समूचित व्यवस्था जैसे पर्याप्त पेयजल, छाया की व्यवस्था करने हेतु कलेक्टर महोदय जी द्वारा सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। चना, मसूर एवं राई सरसों का उपार्जन शासन द्वारा निर्धारित एफएक्यू गुणवत्ता का ही किया जावेगा। उपार्जन केन्द्र पर उपार्जन के संबंध में आने वाली समस्या हेतु कृषक बंधु अपने विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से सम्पर्क कर सकते है एवं जिला स्तर पर जिला नोडल अधिकारी श्री प्रफुल्ल घोडेसवार सहायक संचालक कृषि मोबाईल नं. 7693955285 से सम्पर्क किया जा सकता है। अतः उपसंचालक कृषि श्री मोरिस नाथ द्वारा कृषक बंधुओं से अपील की गई है कि शासन द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर ही अपनी उपज उपार्जन केन्द्र पर लेकर आवे, जिससे कि उपार्जन स्थल पर कृषकों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।



# पीजी कालेज के विद्यार्थियों ने जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में सहभागिता की

**पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम वर्ष 2023-24 के अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी की इको-क्लब इकाई ने ऐप्को द्वारा संचालित पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम 2023-24 के अंतर्गत 28/03/2024 को प्रचार्य डॉ. रवि शंकर नाग के संरक्षण में डॉ. सीमा भास्कर के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओ के लिए वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को वन्य जीव संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता एवं जल संरक्षण से संबंधित जागरूकता फैलाना रहा। उक्त अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम संयोजक डॉ. रेशमा बेगम एवं डॉ. हर्षा डेहेरिया के प्रोत्साहन पर छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय के गोल गार्डन की दीवार पर सुंदर रंगों की कलाकृतियां बनाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इस अवसर पर इको क्लब प्रभारी डॉ. पूनम अहिरवार एवं प्रो.के.के. वरमैया डॉ रेशमा खान के अतिरिक्त महाविद्यालय परिवार से डॉ. मुक्ता मिश्रा, डॉ नागमा निगार, डॉ. भावना तिवारी, डॉ रश्मि पाठक, प्रो. मनीषा सोनेकर, धनेंद्र गुर्देकर सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एक सड़क हादसे में ऑटो में सवार 17 घायल

**हरिभूमि न्यूज, सिवनी।** घंसौर के अंतर्गत आने वाले किंदरई थाना क्षेत्र के पाटन व खुदरी ग्राम के बीच घाट में एक सड़क हादसा हो गया। जहां ऑटो में सवार 17 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। जानकारी के अनुसार आज दोपहर लगभग 3 बजे सगाई कार्यक्रम में शामिल होने कुछ लोग एक ऑटो वाहन में सवार होकर खुदरी ग्राम जा रहे थे। जब ये लोग खुदरी घाट पर पहुंचे तो ऑटो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में 17 लोग घायल हो है। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने किंदरई पुलिस और 108 वाहन में दी, जिसके बाद घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंच जांच कर रही है। किंदरई थाना प्रभारी जीएस राजपूत का कहना है कि ऑटो पलटने की जानकारी मिली थी। घायलों को अस्पताल लाया गया है। और घटनाक्रम की जांच की जा रही है।घायलों के नाम बन्दना ककोडिया उम्र 14 वर्ष, रेखा ककोडिया उम्र 35 वर्ष, नेहा कुर्राम उम्र 16 वर्ष, अक्षय ककोडिया 12 वर्ष, रामा बाई उइके उम्र 50 वर्ष, बैजंती मर्रापा उम्र 35 वर्ष, रश्मि ककोडिया उम्र 70 वर्ष, विनीता माली 35 वर्ष, हीरो बाई ककोडिया उम्र 42 वर्ष, बसंती बरकड़े 62 वर्ष, सियाबाई कुर्राम उम्र 50 वर्ष, सुंदर कुर्राम उम्र 15 वर्ष, रेवती बाई उम्र 55 वर्ष, ज्ञानवती उइके 41, देवकी बाई उम्र 50 वर्ष, इतिनिया बाई 45 वर्ष, सोमवाई बरकड़े उम्र 50 वर्ष है।

## खबर संक्षेप

### निर्वाचन से जुड़ी जानकारियों और शिकायतों कंट्रोल रूम को बताएं

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले के विधानसभा वार कंट्रोल रूम बनाए गए है। प्रत्येक विधानसभा के लिए लैंड लाइन लगाए गए है। जिन पर निर्वाचन से सम्बंधित जानकारियों व शिकायतें इन नम्बरों पर बता सकते है। बालाघाट विधानसभा 07632-241220, कटंगी-07630-250001, वारासिवनी-07633-253023, लांजी-07632-255443, बैहर-07636-256726 और परसवाड़ा विधानसभा कंट्रोल रूम के नम्बर 07636-207750 है।

### मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश

**बालाघाट।** श्रम आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह ने प्रथम चरण में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा निर्वाचन के मतदान दिवस के लिए विभिन्न कामगारों, कंपनियों, संस्थाओं व अन्य स्थानों पर काम करने वाले मजदूरों व श्रमिको के लिए सवैतनिक अवकाश घोषित किया है।

### अभ्यर्थिता से नाम वापसी का अंतिम दिन आज

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन-2024 की जारी अधिसूचना के अनुसार आज शनिवार 30 मार्च को अभ्यर्थिता से नाम वापसी का अंतिम दिन है। एआरओ श्री गोपाल सोनी ने बताया कि सुबह 11 से 3 बजे तक यदि को अभ्यर्थी निर्वाचन से अपना नाम वापस लेना चाहता है तो नाम वापसी की कार्यवाही की जाएगी। इसके तुरंत बाद चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

### बैगा आदिवासी बाहुल्य ग्रामो में चलाया जा रहा मतदान जागरूकता अभियान



**बालाघाट।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा निर्देशानुसार एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री डी एस रणदा के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण जिले के विभिन्न विभागों को मतदाता जागरूकता अभियान चलाये जाने के लिये निर्देश जारी किए गए है। इसी तारतम्य में आज जिले के बैगा आदिवासी बाहुल्य ग्राम बैगा टोला, बाकल, समनापुर बाधाटोला जनपद पंचायत बिरसा में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन परियोजना बिरसा महिला बाल विकास विभाग द्वारा कराया गया। साथ ही बैगा आदिवासी मतदाताओ को निर्भीक होकर नैतिक मतदान करने की शपथ दिलाई गई एवं बताया गया कि लोकतंत्र के लिए एक एक वोट आवश्यक है जिसका प्रयोग करना सभी की जिम्मेदारी है।

## जल्दी पैसा डबल करने के लालच हर गेंद पर लग रही लाखों की बोली

# लांजी क्षेत्र में धड़ल्ले से लग रहा है आइपीएल पर सट्टा

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर में सट्टा पर्ची का खेल पिछले तीन माह से अधिक समय से कम हो गया है। अब आइपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट की हर गेंद पर सट्टा लगाया जाने लगा है। सट्टा जीतने वाली टीम से लेकर हारने वाली टीम के मुकाबले में हर ओवर की गेंद पर बोली लगती है। जीतने वाली टीम का भाव ज्यादा और हारने वाली टीम का भाव कम। आइपीएल पर सट्टा खिलवाने के लिए लांजी क्षेत्र के कुछ लोग बेखौफ लगे हुए हैं। वे युवा वर्ग को आइपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में सट्टा लगवाने के लिए आकर्षित कर रहे हैं और जल्दी ही पैसा डबल करने का लालच देकर युवा वर्ग को सट्टे के दलदल में धकेल रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के कुछ लोगों द्वारा आइपीएल सट्टे का खेल खिलाए जाने से क्षेत्र में सत्ता पक्ष की खासी किरकिरी हो रही है। बताया जाता हैं कि लांजी क्षेत्र के कंप्यूटर सेंटर तक से आइपीएल सट्टे का संचालन किया जा रहा है। क्षेत्र के कुछ लोगों ने दबी जुबान से इसका विरोध किया है की क्षेत्र में आईपीएल सट्टा बंद होना चाहिए। जिससे क्षेत्र का जो नाम बदनाम हो रहा है उसे रोका जा सके। सट्टा पर्ची का कारोबार बंद हुए काफी समय हो गया है लेकिन सट्टे का कारोबार करने वाले कुछ लोग और क्षेत्र के कुछ ऐसी नामी ग्रामीण लोगों के द्वारा मोबाइल और अन्य माध्यमों के जरिए सट्टे के कारोबार को संचालित कर रहे हैं। जिन लोगों पर नामजद पुलिस ने सट्टे को संचालित करने का मामला बनाया जाना चाहिए। उन लोगों के अगर मोबाइल की जांच कर ली जाए तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि सट्टे का कारोबार सट्टा पर्ची लिखकर नहीं मोबाइल के जरिए चलाया जा रहा है। इस मामले में थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी ने बताया कि आइपीएल सट्टे का संचालन किए जाने वाले लोगों की पुख्ता जानकारी मिलने पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। सट्टा, जुआ, शराब और अवैध गतिविधियां किसी भी सूरत में क्षेत्र में चलने नहीं दी जाएंगी।



## तालाब में मछलियों की मौत : बदबू से रहवासी परेशान, भटेरा पंचायत को दिए सफाई के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालघाट नगरीय क्षेत्र में बूढ़ी के माता मंदिर के पास एक निजी लॉज के पीछे आमा तालाब है, जो भटेरा पंचायत में आता है। इस तालाब में पिछले तीन दिनों से मछलियों के मरने का सिलसिला लगातार जारी है। तालाब के आस-पास रहने वाले लगभग दो दर्जन से ज्यादा परिवारों इससे परेशान हैं।



**बदबू से रहवासी परेशान:** तालाब में मछली पालन भी किया जाता है। लेकिन मछलियों की मौत से अब मत्स्य पालन की देखरेख भी भगवान भरोसे है। जब तालाब में मछलियों के मरने की दुर्गंध बढ़ी तो आस-पास रहने वाले निवासी परेशान हो गए। क्षेत्रीय वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अनिल सोनी की ने कहा कि बीते 28 मार्च की शाम रहवासियों को इसकी जानकारी मिली कि तालाब में मछलियां मर रही हैं।

**भटेरा पंचायत को मत्स्य विभा ने दिए निर्देश:** इसकी सूचना मत्स्य कार्यालय को दी गई। इसके बाद मत्स्य कार्यालय ने पंचायत को तालाब में मरी मछलियों को बाहर निकालने के निर्देश दिए हैं। हालांकि तीन दिनों तक तालाब में मछलियों के मरने की घटना के बावजूद गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। दूसरे दिन की दोपहर तक भी मृत मछलियों को तालाब से निकालने की प्रक्रिया शुरु नहीं हो पाई।

**सरपंच को बताई थी समस्या:** बदबू से परेशान रहवासियों ने अपने घर के दरवाजे बंद कर रखे हैं। इस मामले में मत्स्य पालन के आदेश और पंचायत की मछलियों को निकालने में हो रही देरी की प्रक्रिया पर पार्षद प्रतिनिधि अनिल सोनी और नेता प्रतिपक्ष भटेरा पंचायत गए थे। जहां सरपंच भौर सिंह मोहारे से मिलकर दोनों ने समस्या बताई थी।

**तालाब में लगी जलकुंभी:** सरपंच ने भी गंभीरता से लेते हुए इसके निदान के प्रयास प्रारंभ कर दिए हैं। उम्मीद है कि शाम तक आमा तालाब में मरी मछलियों को हटाकर तालाब को साफ कर दिया जाएगा। बड़ी संख्या में मछलियों की मौत हुई है। इसकी वजह तालाब के अंदर पल रही मछलियों को ऑक्सीजन नहीं मिलना बताई गई है। तालाब को जलकुंभी ने भी घेर रखा है।

### प्रत्याशी की जीत के लिये तैयारियों का किया जाएगा रोड मैप तैयार

## लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जनपद क्षेत्र लांजी में आज 30 मार्च को कांग्रेस कार्यकर्ताओ का सम्मेलन आयोजित किया है। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आयोजित इस सम्मेलन में बालाघाट-सिवनी लोकसभा प्रत्याशी सम्राट सरसवार, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष सुश्री हिना कावरे एवं कांग्रेस के सभी वरिष्ठ जन उपस्थित रहेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं से पिछले विधानसभा की हार से उपजी हताशा से उबरने की अपील के साथ-साथ सम्मेलन में कार्यकर्ताओ को अपने विचार और अनुभव साझा करने को कहा गया। इस बैठक का उद्देश्य कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट सरस्वार के लिये लोकसभा चुनाव की तैयारियों का रोड मैप तैयार करने के लिये किया गया है। कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रमोद अग्रवाल अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, लांजी ने अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को शामिल होने का आग्रह किया है। उक्त कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन नगर के आशीर्वाद मंगल भवन लाँजी तहसील ऑफिस के सामने दोपहर 3 बजे से किया गया है।



## नगर परिषद नहीं दे रही ध्यान : जमींदोज हुआ हाई मास्क, कब्रिस्तान में छाया अंधेरा



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 09 में स्थित मुस्लिम कब्रिस्तान में करीब डेढ़ माह से शाम होते ही अंधेरा छा जाता है. दरअसल, यहां पर लगा हाई मास्क तेज आंधी-तूफान की वजह से धराशाही होकर नीचे जमीन पर आकर गिर गया है. जिसके बाद से ही शाम होते कब्रिस्तान में अंधेरा छा जाता है. मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बकायदा इस संबंध में नगर परिषद कार्यालय में शिकायत की है लेकिन आज तक सुधार कार्य नहीं किया गया है. जैसा कि अभी माहे-ए-रमजान का मुबारक महीना चल रहा है. मुस्लिम समाज के लिए रमजान का महीना बेहद खास होता है. इस महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग दिन में रोजा रखते हैं और अल्लाह की इबादत करते हैं. वहीं कुछ लोग कब्रिस्तान पहुंचकर फातिया पढ़ने के साथ ही अपने पूर्वजों को याद करते है. ऐसे में शाम के वक्त कब्रिस्तान पहुंचने पर मुस्लिम समुदाय के लोगों परेशानी होती है. इसके साथ ही किसी मुस्लिम समुदाय के व्यक्ति के इंतकाल के बाद अगर शाम को ही उसे दफन करने के लिए कब्रिस्तान जाना पड़े तो यहां अंधेरा होने के कारण मुस्लिम समुदाय को बेहद दिक्कतों को सामना करना पड़ता है. बता दें कि कब्रिस्तान के बगल में ही ईदगाह है जहां ईद की नमाज अदा की जाएगी. इससे पहले प्रकाश व्यवस्था बनाने की मांग की जा रही है।

विदित हो कि मुस्लिम कब्रिस्तान में विधायक निधि से करीब 05 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है. जिससे यहां बांउड्रीवॉल का निर्माण होना है किंतु नगर परिषद के उपयंत्री राजेश चौकसे द्वारा बनाई गई कार्ययोजना और ठेकेदार द्वारा कराए जाने वाले कार्य में काफी असमानता होने के चलते कार्य बंद पड़ा है. मुस्लिम समुदाय के लोगों को कहना है कि काफी लंबे समय से मुस्लिम कब्रिस्तान तक पहुंच मार्ग बनाने की मांग की जा रही है लेकिन इस ओर भी नगर परिषद का ध्यान नहीं है. जबकि मस्लिम कब्रिस्तान के दोनों ओर पक्की सड़क का निर्माण हो चुका है महज चंद मीटर ही कच्ची सड़क बची हुई है. जिससे ना सिर्फ कब्रिस्तान की तरफ जाने वाले लोगों को परेशानी होती है बल्कि राहगीरों को भी परेशान होना पड़ता है।

## लंबे समय से फरार आरोपी को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक के निर्देश से थाना प्रभारी ग्रामीण नवेगांव द्वारा स्थाई वारंटी गिरफ्तारी वारंटी धर पकड़ अभियान के लिए टीम गठित कर अभियान चलाया गया जिसमें दोनों स्थाई वारंटी1 स्थाई वारंटी मोनू उर्फ गुलाब मर्सकोले पिता मोहन मर्सकोले उम्र 30 वर्ष जाति ढीमर निवासी आवास टोला कटंगी थाना ग्रामीण जो 2014 से फरार था केश नम्बर 218/14 धारा 294,323,324,506 मे फरार चल रहा था जिसके लिए माननीय न्यायालय दिनेश चंद्र प्रजापति के न्यायालय से स्थाई वारंट जारी किया गया था। अनुसूया बाई पति मोहन मर्सकोले जाती ढीमर उम्र 25 वर्ष निवासी कटंगी आवास टोला थाना ग्रामीण जो 2022 से फरार थी केश नम्बर 55/22 धारा 34(1) मे न्यायालय दयाल सिंह सूर्यवंशी के द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था को अभियान चलाकर घेरा बंदी करके पकड़ा गया। गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। टीम में उत्कृष्ट करने वाले अधिकारी कर्मचारियों के नाम थाना प्रभारी ग्रामीण निरीक्षक राम सिंह पटेल, स.उ.नि. विनोद सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक 668 विद्यासागर पटले, 1298 जुबेर खान, 1171 जितेंद्र, म.आ. 721 कामाक्षी का विशेश योगदान रहा।

## मतदान करने के लिए 19 अप्रैल को होगा सार्वजनिक अवकाश

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत सम्पूर्ण मप्र में चार चरणों में मतदान होंगे। प्रथम चरण में 19 अप्रैल शुक्रवार को, द्वितीय चरण 26 अप्रैल शुक्रवार, तृतीय चरण में 7 मई मंगलवार और चौथे चरण में 13 मई सोमवार को मतदान दिवस प्रस्तावित है। मप्र शासन के अनिल सुचारी ने इन दिवसों पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किये है। अब कोई बहाना नहीं, अपना मतदान अवश्य करें।

## ईसाई धर्मावलंबियों ने प्रभु यीशु के बलिदान को किया याद, नगर में निकली क्रूस रैली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मुख्यालय में मेथोडिस्ट और कैथोलिक चर्च ने गुड फ्राइडे पर प्रभु ईश मसीह के बलिदान दिवस पर उन्हें याद किया गया। यह इसाई धर्म से जुड़ा प्रमुख दिन है। मान्यता है कि जिस दिन प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाया गया, उस दिन फ्राइडे था। इसके अनुसार ईसाई समुदाय का पर्व गुड फ्राइडे, ईस्टर संडे से पहले वाले शुक्रवार को होता है। ईसाई धर्मावलंबियों का कहना है कि प्रभु यीशु मसीह ने हम सबके लिए अपना बलिदान दिया था। जिस दिन को गुड फ्रायडे और इसके दूसरे दिन संडे को उनके पुर्नजन्म को ईसाई धर्मावलंबी ईस्टर संडे के रूप में मनाते हैं। बालाघाट में प्रतिवर्ष गुड फ्राइडे को नगर के मेथोडिस्ट चर्च और कैथोलिक चर्च में गुड फ्राइडे पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

गुड फ्राईडे पर मेथोडिस्ट चर्च में 3 घंटे की विशेष आराधना की गई और प्रभु यीशु के 7 वचनों का वाचन किया गया। इसके अलावा प्रभु यीशु की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके जन्म से लेकर मृत्यु तक के सफर और मृत्यु के बाद पुनर्जीवित होने के संदेश का जिक्र करते हुए प्रभु यीशु मसीह के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेने और उनकी जीवनी को आत्मसात कर प्रभु यीशु के बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वहीं कैथोलिक चर्च में गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु के जीवन और क्रूस यातना को याद कर सामूहिक आराधना की गई। साथ ही चर्च से नगर में एक क्रुस रैली निकाली गई। इसमें प्रभु यीशु को मिली यातना दृश्य का सजीव प्रदर्शन किया गया।

यह रैली भ्रमण करते हुए आकाशवाणी चौक स्थित ईसाई कब्रिस्तान पहुंची। जहां धार्मिक कार्यक्रम के बाद यह रैली पुनः वापस कैथोलिक चर्च पहुंची। रैली में ईसाई धर्मावलंबियों भारी संख्या में उपस्थित थे।

### बालाघाट विधानसभा में अधिक से अधिक मतों से बढ़त का लिया संकल्प...

## लालबर्रा कांग्रेस कार्यकर्त्ता सम्मेलन की एकजुटता ने गुटबाजी की अपवाहों पर लगाया विराम - एकजुट नजर आये कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नगर मुख्यालय स्तिथ कृष्णा लॉन मे लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लालबर्रा/ खमरिया के संयुक्त तत्वाधान मे कांग्रेस के समस्त मंडल अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, सेक्टर प्रभारी और बीएलए के साथ ही समस्त विंगो के पदाधिकारियों का कार्यकर्ता सम्मेलन दोपहर 1 बजे आहूत किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपस्थित जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों ने बालाघाट विधानसभा में लोकसभा प्रत्याशी को कैसे अधिक से अधिक मतों से बढ़त दिलाई जाए इस पर विचार विमर्श किया गया और कार्यकर्ताओं को प्रत्येक मतदाता के घर-घर जाकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किये जाने का मुलमंत्र दिया गया जिनमें प्रमुख रुप से विधानसभा चुनाव के पूर्व डबल इंजन की सरकार ने मोदी की गारंटी के नाम पर किसानो को उनकी धान की उपज का 3100 रुपयें, गेहूं का 2700 रुपए प्रति क्विंटल, लाडली बहनों को 3000 रुपयें प्रतिमाह दिए जाने व घरेलू गैस सिलेंडर 450 रुपयें मे देने की गारंटी दी गई थी लेकिन आज दिनांक तक डबल इंजन की सरकार ने एक भी गारंटी पर अमल नहीं किया है इसके साथ ही वर्तमान समय में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, संविधान के साथ छेड़छाड़ और सरेआम लोकतंत्र की हत्या की जा रही है यदि समय रहते देश का मतदाता नही जागा तो वह समय भी दूर नहीं है जब मतदाता को अपने मत का उपयोग करने से वंचित रहना पड़े उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार के पक्ष में मतदान कर बालाघाट विधानसभा से अधिक से अधिक मतों से बढ़त दिलाकर विजयश्री दिलाने का संकल्प भी लिया गया। वहीं आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्त्ता व नेतागणों की उपस्थिति व एकजुटता ने लगातार सोशल मीडिया व अखबारों मे चल रहीं गुटबाजी की अपवाहों पर विराम लगा दिया देखने मे आया की सभी वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्त्ता पुरी ताकत के साथ बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र लोकसभा चुनाव जितने के लिए आश्वस्त नजर आए। कार्यक्रम के अंत में रंग पंचमी के अवसर पर बालाघाट विधानसभा की लोकप्रिय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे द्वारा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आज से ही सभी अपने-अपने बूथ पर कार्य करने के लिए निर्देशित किया।





आयोजित यह कार्यकर्त्ता सम्मेलन पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत, बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, जिला पंचायत अध्यक्ष व प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार, वरिष्ठ कॉंग्रेसी रवि अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, अनिल शर्मा, बालकृष्ण बिसेन, सुखदेव मुनि कुतराहे, नितिन साखला, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भाऊराम गाड़ेश्वर, महिला कांग्रेस से लक्ष्मी वाघाड़े, प्रेमलता बिसेन, पूनम कुशवाहा, इंद्राबाई टेकाम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ढांडे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उम्मेद लिल्हारे, विनीता विनोद सोनी, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनीष कुशवाहा, ब्लॉक प्रवक्ता कमल शांडिल्य, लालबर्रा पांढरवानी सरपंच अनीस खान, कंजई सरपंच एड. आनंद बिसेन, जनपद सदस्य जाहिद खान, देवेश गौतम, एड. मनोज शर्मा, दीपक तोमर, गोविन्द पटेल, जुगल भैरम, प्रेमलाल मर्सकोले, ओमप्रकाश बिसेन, बुगलेश्वर नगपुरे, महेंद्र दशरिये, देवराज ठकरेले, बलेश रहाँगडाले, बाबा नगपुरे, कालेबाबा, मुस्तान खान, शेरसिंह देशमुख, मुकेश खरे, कैलाश नखाते, मुन्नालाल पटले सहित लालबर्रा/ खमरिया मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहें।